1572/07-08-2021

दिनांक– 27.05.2021 को अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में Zoom के माध्यम से हुई विशेष सर्वेक्षण की समीक्षात्मक बैठक में दिए गए निदेश :–

1. निदेश दिया गया कि अनुपालन प्रतिवेदन में लम्बित कार्यों के निष्पादन की स्थिति को स्पष्ट रूप से अंकित किया जाए।
2. विगत् समीक्षात्मक बैठक में दिए गए निदेश के अनुपालन में विभिन्न विषयों यथा ETS, Door Step Delivery of Map, RSTI, Gaya, GIS Expert Agency से संबंधित संचिकाओं के निष्पादन की स्थिति ज्ञात कर यथाशीघ्र अग्रेतर कार्रवाई की जाए।
3. निदेशालय स्तर पर तैयार किए गए MARBLE के अंग्रेजी अनुवाद के लिए सहायक निदेशक द्वारा कार्य संपन्न नहीं दिये जा सकने की स्थिति में विशेषज्ञ अनुवादक की सेवाएँ प्राप्त की जाए तथा MAGIC का अंग्रेजी अनुवाद जी0आई0एस0 सलाहकार द्वारा यथाशीघ्र पूर्ण किया जाए।
4. हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों से MIS में प्रतिवेदन प्राप्त करने के लिए सभी एजेंसियों को User Mannual and Password उपलब्ध कराते हुए मई माह का MIS प्रतिवेदन आगामी समीक्षात्मक बैठक में उपस्थापित किया जाए।
5. जिला स्तर पर चल रहे विशेष सर्वेक्षण कार्यों की समीक्षा Zoom के माध्यम से करते हुए वैसे सभी कार्यों को पूर्ण किया जाए, जो प्रत्यक्ष रूप से क्षेत्र में जाने से सम्बन्धित नहीं है। जैसे–प्रपत्रों में इंद्राज आदि।
6. विशेष सर्वेक्षण प्रक्रिया में जिन मौजों का खतियान या मानचित्र अथवा दोनों उपलब्ध नहीं हो पाए हैं, उनके विकल्प के लिए निदेशालय स्तर से गठित कमिटी द्वारा लिए गए प्रस्तावों पर सभी विभागीय पदाधिकारियों से सुझाव प्राप्त कर जिलों को आवश्यक दिशा–निर्देश निर्गत किए जाएँ।
7. वर्ष–1956 से प्रारंभ फील्ड बुझारत के अभिलेखों की उपलब्धता एवं उनकी उपयोगिता के सम्बन्ध में जिलों के समाहर्त्ता/अपर समाहर्त्ता से पत्राचार किया जाए।
8. सरकार द्वारा विभागीय पत्रांक– 785 दिनांक– 05.05.1992 के आलोक में पटना जिले के सरकारी एवं रेलवे की भूमि के सम्बन्ध में कराए गए सर्वे के सम्बन्ध में समाहर्त्ता/अपर समाहर्त्ता, पटना से पत्राचार कर वस्तुस्थिति ज्ञात की जाए।
9. E-Office के क्रियान्वयन के लिए कर्मियों का प्रशिक्षण यथाशीघ्र प्रारंभ किया जाए।

ह0/–
(विवेक कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव,
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग,
बिहार, पटना।

D:\Sanjeev-2021\Birendra kumar, ASO\Zoom Meeting\Zoom_Meeting_27.05.2021.docx

ज्ञापांकः 17–विशेष सर्वेक्षण–(कार्यवाही)–84/2019....1572........ **पटना, दिनांक** :07-06-2021

प्रतिलिपिः– सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप/उप सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग/प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग/सभी निदेशालय स्तरीय जिलों के नोडल पदाधिकारी भू–अभिलेख एवं परिमाप, निदेशालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः 17–विशेष सर्वेक्षण–(कार्यवाही)–84/2019....1572........ **पटना, दिनांक** :07-06-2021

प्रतिलिपिः– प्रशाखा पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः 17–विशेष सर्वेक्षण–(कार्यवाही)–84/2019....1572........ **पटना, दिनांक** :07-06-2021

प्रतिलिपिः– सुश्री सुरभि सिंह, एम0आई0एस0 डाटा एनालिस्ट, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः 17–विशेष सर्वेक्षण–(कार्यवाही)–84/2019....1572........ **पटना, दिनांक** :07-06-2021

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप
4/6/21